May 13, 2019

योजना : स्ट्रीट फूड स्वादिष्ट के साथ स्वच्छ और स्वास्थ्यकर भी होंगे

नई दिल्ली | स्कन्द विवेक धर

भारतीय स्ट्रीट फूड जल्द स्वच्छ एवं स्वास्थ्यकर होने के लिए भी जाने जाएंगे। भारतीय खाद्य संरक्षा व मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) क्लीन स्ट्रीट फूड हब योजना पर काम कर रहा है।

इस योजना के तहत 12 राज्यों के 63 स्थानों को चिन्हित किया है। यहां के स्ट्रीट फूड वेंडर्स को सफाई के अलावा सेहतमंद भोजन परोसने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्हें क्लीन स्ट्रीट फूड का प्रमाण-पत्र भी मिलेगा। प्राधिकरण के सीईओ पवन अग्रवाल ने बताया कि देश की बहुत बड़ी आबादी स्ट्रीट फूड खाना बेहद पसंद करती है। इसके बावजूद सफाई और स्वास्थ्य को लेकर हमेशा मन में संदेह रहता है। इसलिए हमने क्लीन स्ट्रीट फूड हब योजना तैयार की है। स्ट्रीट फूड वेंडर्स पर लगातार निगरानी रखी जाएगी।

काशी का अस्सी घाट और दिल्ली के 15 स्थान चयनित

क्लीन स्ट्रीट फूड हब बनाने के लिए पहले चरण में बनारस का अस्सी घाट और दिल्ली के 15 स्थानों का चयन किया गया है। इनमें चिड़ियाघर, कुतुबमीनार, नेताजी सुभाष प्लेस, डीडीयू हॉस्पिटल हरीनगर, सरोजिनी नगर मार्केट, जीटीबी अस्पताल मुख्य गेट, यमुना विहार, चांदनी चौक, आईएसबीटी, सेक्टर-6 मार्केट द्वारका, सी-4ई मार्केट जनकपुरी, जनकपुरी डिस्ट्रिक्ट सेंटर में स्थित क्राफ्ट मार्केट, डीसी ऑफिस, नंदनगरी, आईएनए मार्केट और सत्या निकेतन शामिल हैं।